हाऊसिंग बोर्ड ने सहायक लेखाधिकारी नवीन और शेरसिंह को किया निलंबित

बताया जा रहा है कि प्रताप नगर स्थित आवासन मंडल के खंड पंचम कार्यालय को रात 10-11 बजे खोलने के मामले में दोनों अफसरों को सस्पैंड किया गया है, विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने भ्रष्टाचार के आरोपी कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता के साथ-साथ दो सहायक लेखाधिकारी नवीन शर्मा और शेर सिंह को निलंबित किया है। बताया जा रहा है कि इन दोनों सहायक लेखाधिकारियों ने मंगलवार देर रात करीब 10-11 बजे प्रताप नगर स्थित आवासन मंडल के खंड पंचम कार्यालय को खुलवाया था। इस प्रकरण की जांच मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल को दी गई है, साथ ही कार्यालय समयावधि के पश्चात सक्षम स्वीकृति के बिना ऑफिस नहीं खोले जाने के आदेश भी विभाग ने दिए हैं।

सूत्रों का कहना है कि इन दोनों अफसरों के साथ प्राइवेट व्यक्ति भी ऑफिस में दाखिल हुए थे, इनमें हाऊसिंग बोर्ड में सिक्यूरिटी एजेंसी संभालने वाले बजरंग व अन्य लोग बताये जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने देर रात हाऊसिंग बोर्ड का कार्यालय खुला देखकर मोबाइल में फोटो-वीडियो उतार लिए।

इसके बाद गुरूवार को सोशल मीडिया पर यह फोटो-वीडियो वायरल हुए और उच्चाधिकारियों को इसकी भनक लगी।

इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया और हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा ने उप आवासन आयुक्त भगवान सहाय से एवं अन्य अधिकारियों से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। इसके बाद अफसरों ने पूरे मामले की जानकारी जुटाकर प्रकरण की वस्तुस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के प्रताप नगर स्थित खंड पंचम कार्यालय में मंगलवार देर रात पहुंचे दोनों सहायक लेखाधिकारी और पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की तस्वीर।

इसके बाद देर शाम हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा ने दोनों सहायक लेखाधिकारियों पर एक्शन लेते हुए दोनों को निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए। इन दोनों कार्मिकों को सस्पैंड करते हुए निलंबन काल के दौरान अपनी उपस्थिति उप आवासन आयुक्त वृत तृतीय के समक्ष देने को कहा गया है।

सूत्रों का कहना है कि बुधवार देर रात आवासन मंडल के खंड पंचम कार्यालय को खोले जाने के पीछे क्या मकसद था, इस बारे में अभी तक कुछ सामने नहीं आ पाया है। बताया जा रहा है कि प्राइवेट व्यक्ति बजरंग, जो कि हाऊसिंग बोर्ड में सिक्यूरिटी गार्ड उपलब्ध करवाने का काम करता है, वह भी साथ में था, हालांकि हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर, प्राइवेट गार्ड की एजेंसी रखने वाला व्यक्ति और दोनों लेखाधिकारी रात के अंधेरे में क्या काम कर रहे थे।

- **इसके अलावा 1 लाख रु. रिश्वत लेते ट्रैप हुए कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता को भी निलंबित कर दिया गया है।**

इसके अलावा आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने भ्रष्टाचार के आरोपी कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता के निलंबन के आदेश भी जारी कर दिए हैं। आरोपी प्रशांत को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भरतपुर चौकी टीम ने बुधवार को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। आरोपी प्रशांत, इंदिरा गांधी नगर स्कीम में परिवादी के पिता की मृत्यु के पश्चात आवास का स्थानांतरण करने और इसका मांग पत्र जारी करने की एवज में 2.5 लाख रु. मांग रहा था। ए.सी.बी. इस मामले में उप सचिव अनिल पालीवाल की संदिग्ध भूमिका मानते हुए भी जांच कर रही है।

ई-रिक्शे में महिलाओं के बैग में चोरी करने वाली गैंग गिरफ्तार

जयपुर। सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने ई-रिक्शा में सवार महिला के बैग से जेवरात और नगदी चोरी करने वाली तीन गुजराती महिलाओं सहित ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों से पूछताछ कर चोरी का माल बरामदगी के प्रयास करने में जुटी है।

गिरफ्तार आरोपी महिला कोमल (25), नंदनी (30), ज्योति (30) मूलतः झोपड पट्टी साबरमती टूटी पुलिया के नीचे, अहमदाबाद गुजरात हाल किराएदार खो-नागोरियान तथा ई-रिक्शा चालक सुशील कुमार (35) मूलतः पारीकों का मोहल्ला सीरसी हाल किराएदार शिवाजी नगर भट्टा बस्ती के रहने वाले है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पीडिता सुधा कंवर ने 26 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीडिता ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वह ट्रेन से अपने बच्चों के साथ भीलवाडा ससुराल से जयपुर आई थी। जयपुर जंक्शन से वह आरोपी के ई-रिक्शे में चौडा रास्ता जाने के सवार हुई थी। इस दौरान रास्ते में तीनों महिलाओं को भी ई-रिक्शे वाले ने मेरे मना करने के बावजूद बैठा लिया। तीनों महिलाएं सिंधी कैम्प थाली रेस्टोरेंट के पास ई-रिक्शे से उतर कर तेजी से चली गई। शक होने के पर सामान संभाला तो उसके पर्स से सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार की नगदी नहीं मिली। इसके बाद पीडिता ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एक स्पेशल टीम का गठन कर ई-रिक्शा चालक को उसकी तीनों गुजराती महिला साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया।

सार-समाचार

कलाकारों ने दर्शाया कथक का सौन्दर्य

जयपुर। संगीत आश्रम संस्थान के दो दिवसीय संगीत समारोह की शुरुआत गुरुवार को यहां शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में शास्त्रीय नृत्य संध्या से हुई। कार्यक्रम में संस्थान की करीब 18 से अधिक बाल व युवा कलाकारों ने आकर्षक फुटवर्क और आंगिक भंगिमाओं से जयपुर घराने के शुद्ध पारंपरिक कथक का सौन्दर्य छलकाया। कथक गुरु संजीव कुमावत व पूर्णिमा अरोड़ा के निर्देशन में कलाकार वाणी, हिनायशा, दजशी, समृद्धि, दीपशिखा, निविका, हिनाया और अभिग्ना ने तीन ताल में रंगमंच प्रणाम, ठाट, आमद, परम आमद, तिहाई और कवित्त की प्रस्तुति में तैयारी पक्ष का खूबसूरत प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बंटोरी। इसी प्रकार कलाकार नित्या अग्रवाल और खुशाली शर्मा ने चौताल मात्रा में रंगमंच प्रणाम,चक्करदार परन, सादा तोड़ा और तत्कार की प्रस्तुति में कथक का सलोनापन दर्शाया। कार्यक्रम में कलाकार परि बत्ता और रिद्म जायसवाल ने झपताल में ठाट, आमद, मटकी एवं व मुरली रचना पर गत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके अलावा कलाकार पल्लवी, भुविका व काश्वी, घनिष्ठा, रुद्राक्षी, डेलिशा ने तीन ताल में जयपुर घराने की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति दी। तबले पर दिलशाद खान और हारमोनियम पर सुलेमान ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के आखिरी दिन शुक्रवार को बॉलीवुड के लेजेण्डरी संगीत निर्देशक ओपी नय्यर के संगीतबद्ध सदाबहार गीतों की माला संस्थान के अनेक कलाकार अपनी आवाज में पिरोएंगे।

स्कूलों को शिक्षण सामग्री वितरित

जयपुर। अखिल भारतीय सेवाएं पेंशनर्स (राजस्थान) एसोसिएशन की ओर से राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति सभागार में एक समारोह आयोजित किया गया, जहां छह विद्यालयों को वाटर प्यूरीफायर, माइक सिस्टम, दीवार घड़ियां, दरियां और इनडोर गेम्स की सामग्री वितरित की गई। एक विद्यालय को 50 डेस्क भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के पूर्व आई.ए.एस. राजेंद्र भाणावत ने किया। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन का प्रयास है कि सुविधा की कमी के कारण कोई निर्धन परिवार का बच्चा अच्छी शिक्षा से वंचित न रहे। इस बार सामग्री के लिए दो लाख रुपए सहयोग सुधांश गेमावत, पूर्व आई.ए. एस द्वारा दिया गया। उल्लेखनीय है कि गेमावत की आयु 92 वर्ष है। इस समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष यू.एम.सहाय, पदाधिकारी पूर्व मुख्य सचिव अरूण कुमार, इंद्रजीत खन्ना, पूर्व डी.जी.पी. एके.भंडारी, राजेंद्र बोडा, सचिव प्रौढ़ शिक्षण समिति उपस्थित रहे। राजेन्द्र भाणावत ने बताया कि हमारी एसोसिएशन आई.ए.एस., आई.पी.एस. और आई.एफ.एस. के राजस्थान कैडर से सेवानिवृत अधिकारियों का संघ है। इसका मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त अधिकारियों और उनके फैमिली पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा संबंधी विभिन्न समस्याओं का निराकरण करना है। इसके लगभग 950 सदस्य है।

दिनेश सिंह को राज्य स्तरीय सम्मान

जयपुर। सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत मोटर वाहन निरीक्षक दिनेश सिंह फौजदार को शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान राजस्थान सरकार के परिवहन मंत्री एवं परिवहन आयुक्त द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह 2025 पूरे भारत में "परवाह" थीम पर मनाया गया, जिसे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित किया गया था। इस अभियान के तहत दिनेश सिंह फौजदार ने विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर 5000 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जयपुर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों, जैसे धराव हाई स्कूल, भवानी निकेतन, मेहता पी.जी. कॉलेज, बियानी गर्ल्स कॉलेज, शारदा विद्या मंदिर आदि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

दिया कुमारी के जन्मदिन पर रक्तदान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के जन्मदिवस पर महेंद्र सिंह ओला की ओर से ग्रेटर निगम के वार्ड -6 स्थित शोर्य डायग्नोस्टिक सेंटर 4सी माचड़ा पर रक्तदान व चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और केक काटकर वार्ड वासियों की उपस्थिति में अपना जन्मदिन मनाया। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 806 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्रा गटाला भी उपस्थित रहीं।

358 नर्स कंपाउंडर को प्रशिक्षण दिया

जयपुर। निदेशालय होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग में नव नियुक्त नर्स कंपाउंडर का प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 से 30 जनवरी तक रखा गया। आयुष भवन प्रताप नगर जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में नव नियुक्त सभी नर्स कंपाउंडर को विभाग में चल रहे राज्य सरकार की योजना की जानकारी दी जाकर अपने चिकित्सालय में प्रदेश की जनता की चिकित्सा सेवा करने के विभाग की औषधीय गुण से अवगत करवाया। विभागीय अधिकारियों ने सेवा नियमों की जानकारी के साथ-साथ रोगियों की सेवा करने के लिए की जानकारी भी दी। विभाग की निदेशक डॉ. रेणु बंसल अतिरिक्त निदेशक डॉ. मनीषा सक्सेना इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में उपस्थित रही। करीब 358 नर्स कंपाउंडरों को प्रशिक्षित किया गया।

ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करने वाले 9 कनिष्ठ सहायक सात दिन के रिमांड पर

जयपुर (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने हाईकोर्ट-एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 में ब्लूटूथ से नकल करने वाले 9 कनिष्ठ सहायकों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां पर एसओजी ने कोर्ट से सभी आरोपियों के आवास-नकल करने वाले सेंटर और ब्लूटूथ से नकल करने के तरीकों को लेकर पूछताछ के बारह दिन का रिमांड मांगा। इस कोर्ट ने सभी 9 आरोपियों को सात दिन का रिमांड दिया। पूछताछ में एसओजी की टीम को चौंकाने वाली जानकारी मिलने की सम्भावना है। एसओजी के हाथ में अभी तक केवल 9 आरोपी आए हैं। अन्य की तलाश में एसओजी काम कर रही हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि हाई कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा 2022 का पेपर बीकानेर की पोरव गैंग ने लीक किया था। गैंग ने 20 लाख रुपए लेकर परीक्षा में परीक्षार्थियों को नकल भी करवाई थी और परीक्षा में नकल करवाने के लिए कालेर गैंग ने रुपए लेकर ब्लूटूथ विदेश से मंगाए थे। एसओजी की रडार पर अभी एक दर्जन से अधिक ईओ और आरओ है। जिनकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा।

एसओजी के अनुसार परीक्षा में 26 परीक्षार्थियों ने ब्लूटूथ का उपयोग किया। 18 परीक्षार्थी संदिग्ध पाए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तीन एक ही गांव खजवाना मूंडवा नागौर के रहने वाले हैं।

- **हाईकोर्ट एल.डी.सी. भर्ती में नकल करने वाले इन आरोपियो को एस.ओ.जी. ने कोर्ट में पेश किया**
- **बीकानेर की पोरव गैंग ने इस परीक्षा का पेपर लीक किया था, नकल करवाने के बदले 20-20 लाख रु. वसूले थे**

दो का परीक्षा केंद्र एक ही जगह आया था। पोरव कालेर अभी जेल में बंद है। परीक्षा में नकल करवाने के लिए कालेर गैंग ने रुपए लेकर ब्लुटूथ विदेश से मंगवाए थे। हाई कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा का आयोजन 12 और 19 मार्च 2023 को हुआ था। उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा आयोजित इस परीक्षा का परिणाम 11 जून को जारी किया गया था। यह परीक्षा 2800 से अधिक पदों के लिए आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि पोरव कालेर के विरूद्व पूर्व में भी द्वितीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा, रीट परीक्षा, सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा,ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा,पटवारी परीक्षा भर्ती परीक्षा , महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा 2020 सहित अन्य भर्तियों में ब्लूटुथ से नकल कराने के मामले दर्ज है।

'कालवाड़ रोड पर 4 करोड़ की लागत से पुलिया बनाएंगे'

जयपुर (कासं)। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ अपना हर किया हुआ वादा पूरा कर रहे हैं। राठौड़ के सार्थक प्रयासों से बांडी नदी, बालाजी मंदिर के निकट कालवाड़ रोड पर पुरानी पुलिया के समानांतर नई पुलिया का निर्माण कार्य का शुभारंभ जल्द ही होने वाला है। इस निर्माण कार्य की लागत 4.07 करोड़, लंबाई 286 मी. और चौड़ाई 7.5 मी. (2 लेन) है। 4 फरवरी को उद्घाटन होगा।

जनता ने कर्नल राठौड़ के इस सराहनीय काम की प्रशंसा करते हुए हार्दिक आभार जताया है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, इस नई पुलिया के निर्माण से क्षेत्र में यातायात की गति तेज होगी, जिससे लोगों को लंबी दूरी तय करने में समय की बचत होगी और यात्रा सुगम, सुरक्षित और सरल होगी। इसके निर्माण से आसपास के क्षेत्रों में व्यापार और अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

"इंटरस्टिशियल इम्प्लांट" से सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित महिलाओं का सफल इलाज संभव

जयपुर (कासं)। नारायणा हॉस्पिटल में सर्वाइकल कैंसर के दोबारा होने या पूरी तरह जड़ से खत्म न होने के मामले का सफलतापूर्वक इलाज किया जा रहा है। मरीज के इलाज में इंटरस्टिशियल इम्प्लांट प्रक्रिया का इस्तेमाल किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की डायरेक्टर, डॉ. निधि पाटनी और उनकी अनुभवी टीम लगातार बखूबी अंजाम दे रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसे ही 41 वर्षीय महिला को छह महीने से योनि द्वार से बदबूदार पीला पानी व रक्तस्त्राव की समस्या हो रही थी। जांच में प्रथम स्टेज सर्वाइकल कैंसर होने का पता चला। इसके लिए रोगी की सर्जरी, कीमोथैरेपी एवं रेडिएशन थैरेपी हुई। चार साल ठीक रहने के बाद उसी तरह के लक्षण फिर से नज़र आने लगे।

जांच में कैंसर के दोबारा उभरने की पुष्टि हुई। कैंसर की स्थिति को देखते हुए पुनः सर्जरी कर पाना संभव नहीं था। उन्हें पहले पूरी रेडिएशन थेरेपी दी जा चुकी थी। ऐसी नाज़ुक स्थिति में ब्रैकीथैरेपी या इंटरनल रेडियोथैरेपी, उपचार के एकमात्र विकल्प के रूप में सामने आया। इस रोगी को लगभग पांच-दिनों के उपचार के लिए भर्ती किया गया था। तीन माह पश्चात जांच में ये रोगी कैंसर मुक्त पाई गईं।

डॉ. निधि पाटनी

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर, डॉ. निधि पाटनी कहती ने बताया कि ब्रैकीथैरेपी में रेडियोएक्टिव मटेरियल कैंसर के समीप या उसके भीतर जाता है। इंटरस्टिशियल इम्प्लांट, जो कि एक विशेष प्रकार की ब्राकीथेरेपी है, की कुछ सीमाएं होती हैं- कैंसर उपचार केंद्रों पर ब्रैकीथैरेपी मशीनों की अनुपलब्धता, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट में अनुभव और ट्रेनिंग की कमी, उपचार की जटिलता। ब्रैकीथैरेपी का सबसे बड़ा फायदा है कि ये उपचार का बहुत सटीक और किफायती विकल्प है।" डॉक्टर निधि के अनुसार "नारायणा हॉस्पिटल में हम अक्सर इस तरह के कठित और जटिल मामलों का इलाज करते हैं, जो प्रदेश में शायद ही कहीं और हो रहे हैं। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के क्लिनिकल डायरेक्टर, डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने कहा कि "उपचार के नए आयाम ज़्यादा से ज़्यादा रोगियों तक पहुंचना ही हमारा उद्देश्य है। कैंसर रोगियों के आधुनिक और संपूर्ण उपचार के लिए हम प्रतिबद्ध है।"

पुलिस ने गुम हुए 82 मोबाइल ढूंढकर पीड़ितों को सौंपे

जयपुर। माणक चौक और सुभाष चौक थाना पुलिस ने इलाके में मोबाइल गुमशुदगी के गुम हुए मोबाइलों में से 82 मोबाइलों को ट्रेस कर उनके असली मालिकों को थाने परिसर पर बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के थानों में आमजन के मोबाइल गुमशुदगी के प्रकरणों में "अपना मोबाइल अपने हाथ जयपुर कमिश्नरेट के साथ" कार्य योजना बनाकर उनकी ट्रेसिंग कर मोबाइल धारकों को सुपुर्द करने के लिए माणक चौक और सुभाष चौक थाना पुलिस को विशेष टास्क दिया गया। इस पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान के तहत 82 ट्रेस शुदा मोबाइल युजरो से मोबाइल प्राप्त कर थाना परिसर में मोबाइल धारकों को उनके गुम हुए मोबाइलों को वापस लौटाने के लिए समस्त मोबाइल धारको को आमन्त्रित कर मोबाइल वापस लौटाए गए। वहीं बरामद किये गये मोबाइलों में अधिकतर महंगे स्मार्टफोन है। जिसकी कीमत 10 हजार से शुरू होकर अधिकतम कीमत 20 हजार तक की है। जब्त किए गए मोबाइल की बाजार कीमत 50 लाख रुपये से ज्यादा है। साथ ही शेष अनट्रेस मोबाईल जिनकी बरामदगी के लिए ट्रेसिंग की कार्यवाही सतत जारी रही।

"भांकरोटा अग्निकांड" में घायलों की जान बचाने वाले 25 वॉरियर्स का पुलिस मुख्यालय में सम्मान

जयपुर (कासं)। अजमेर-जयपुर एक्सप्रेस हाईवे पर 20 दिसंबर को भांकरोटा क्षेत्र में हुई भीषण आगजनी की दुर्घटना में अपनी जान की परवाह न कर मानवता का फ़र्ज़ निभाते हुए हादसे में पीड़ित लोगों, पुलिस एवं प्रशासन की मदद करने वाले 25 वॉरियर्स का गुरूवार पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू व पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने हादसे में घायलों की मदद करने वाले 25 वॉरियर्स के साथ पुलिसकर्मी, एसडीआरएफ, दमकल कर्मी एवं प्रशासन की टीमों के द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुये उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा की 20 दिसंबर 2024 की घटना अत्यंत भयावह थी। इस दुखद घड़ी में गुड सेमेरिटन बनकर आवश्यकता के समय दूसरों की सहायता करना एक उच्च मानवीय गुण है, जो इन लोगों ने करके दिखाया। उन्होंने कहा कि ये 25 वारियर्स भयावह घटना के समय अगर अपना योगदान नहीं देते तो पता नहीं कितने और परिवार के लोगों को आने वाले समय में बड़े दुख और अन्य समस्याओं से जूझना पड़ता। इनके प्रयासों से कई लोगों की ना सिर्फ जान ही बची, बल्कि कई लोगों की संपत्ति की भी रक्षा हुई। इन्होंने केवल मानवता का ध्यान रखते हुये यह कार्य किया। इन लोगों ने अपने कार्य से सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया है किसी की घटना एवं दुर्घटना के समय प्रो एक्टिव रहते हुए भी घायलों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहे।

भांकरोटा में गैस टैंकर व ट्रोले की भिड़ंत से हुए ब्लास्ट में घायल हुए लोगों की जान बचाने वाले लोगों को पुलिस ने सम्मानित किया।

इससे पहले महानिदेशक पुलिस यूआर साहू द्वारा घटना पर बनाई गई एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का विमोचन किया। डीजीपी के साथ वहां उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा एक पुस्तक द फर्स्ट रेस्पोंडियर्स का भी विमोचन किया गया। वहीं कार्यक्रम में डीजीपी साहू एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने 20 दिसम्बर के भीषण हादसे में मारे गए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि भी दी।

भांकरोटा हादसे के वॉरियर्स के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जयपुर कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 20 दिसंबर की सुबह 5.30 बजे जयपुर के भांकरोटा थाना क्षेत्र में यह घटना घटित हुई। एक गैस टैंकर और ट्रक की भिड़ंत के बाद हादसे नहीं भयावह रूप ले लिया जिसमें 20 मौतों के साथ 30 लोग घायल हुए और 40 वाहन क्षतिग्रस्त हुए।

पुलिस और प्रशासन को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचने के लिए हमें कुछ समय लगा था, लेकिन जहां पर यह घटना हुई थी, वहां के आसपास के जो नागरिक थे, उनके प्रयास व हिम्मत के कारण काफी लोगों की जान बच पाई। उस दिन करीब 40 वाहन उस दायरे में आ गए थे, जिनमे लगभग 120 से 140 लोग सवार थे। नजदीक ही तीन पेट्रोल पंप और चलती हुई इन गाड़ियों के पास माचिस से भरा एवं एक अन्य एलपीजी टैंकर भी खड़ा था। घटना स्थल के आसपास करीब 300 से 500 लोग रहते है। ऐसी आपात स्थितियों में शुरूआती समय, जिसे गोल्डन आवर कहा जाता है, बेहद निर्णायक होता है।

- **हादसे के समय इन वॉरियर्स के काम से अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत : डी.जी.पी.साहू**
- **इस हादसे पर तैयार डॉक्यूमेंट्री फिल्म और पुस्तक का भी पुलिस अफसरों ने विमोचन किया**

इस समय में इन वारियर्स द्वारा उनको वहां से हटाने का काम किया गया और पुलिस और जिला प्रशासन को सूचना दी जो अत्यन्त सराहनीय कार्य था जो इन्होंने कर दिखाया। साथ ही लगातार ये वारियर्स निजी गाड़ियों व एंबुलेंस को बुलाकर घायलों को अस्पताल तक पहुंचा रहे थे। सिविल डिफेंस, पुलिस इत्यादि की टीम आने के पहले ही इनके द्वारा यह काम किया गया था।

कार्यक्रम में हादसे में सराहनीय कार्य करने वाले वारियर्स राजेन्द्र स्थानीय फैक्ट्री मालिक, महेश कुमार, मनोज, राजेश, रामनारायण, राजेश, देवा, सागर, यश, गौरव, दीपक, मोहित, योगेष, कजोडमल, राकेश, स्थानीय नागरिक, राजेश महिन्द्रा सेज टैक्सी चालक, दशरथ, हरविन्द्र रोडवेज बस चालक, मुकेश कम्पाउण्डर दुलेत अस्पताल एवं पवन सफाईकर्मी दुलेत अस्पताल, बाबूलाल आयुष अस्पताल कर्मचारी, रिछपाल, इन्द्र पेट्रोल पंप कर्मी, राहुल एम्बुलेंस पर चिकित्सक स्टाफ विनोद एम्बुलेंस चालक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी वारियर्स एवं पुलिस अधिकारियों का पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस एससीआरबी, साइबर अपराध एवं तकनीकी सेवाएं हेमंत प्रियदर्शी सहित अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अनिल पालीवाल, सचिन मित्तल, दिनेश एमएन, भूपेंद्र साहू, संजीव नार्जरी, बिपिन पाण्डेय एवं प्रशाखा माथुर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप एवं डॉ रामेश्वर सिंह जाट, योगेश दाधीच सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

दो स्टार्टअप चुनौतियों के विजेता की घोषणा

नई दिल्ली/जयपुर। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरूवार को ओएनजीसी मुख्यालय में आयोजित विशेष समारोह में दो प्रतिष्ठित स्टार्टअप चुनौतियों "अविन्या25 और वसुधा" के विजेताओं की घोषणा की। यह घोषणा 'एनर्जाइज़ इंडिया: कैटेलाइजिंग ग्रोथ थ्रू स्टार्टअप इनोवेशन' के समापन पर की गई, जो एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन था, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज, निवेशक और नवप्रवर्तक एक साथ आए थे। भारत की प्रमुख ऊर्जा स्टार्टअप प्रतियोगिता, अविन्या25 के विजेता उर्जानोवासी प्राइवेट लिमिटेड थे। उपविजेता ब्रीथ ईएसजी प्राइवेट लिमिटेड, एग्रीविजय, एपीरो एनर्जी और यूग्रीन टेक्नोलॉजी थे। अपस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में वैश्विक स्टार्टअप चैलेंज, वसुधा के लिए विजेता लैटिन एनर्जी पार्टनर्स आई.एन.सी., पैराग्वे था तथा उपविजेता अल्ट्रासाउंड प्रोसेस कंसल्टिंग एलएलसी, यूएसए था।

शोभायात्रा 2 को

जयपुर (कासं)। श्री खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा जयपुर की ओर से बसंत पंचमी खण्डेलवाल दिवस पर 2 फरवरी विशाल भव्य शोभायात्रा प्रातः 9 बजे गंगामाता मंदिर स्टेशन रोड जयपुर से रवाना श्री खण्डेलवाल वैश्य जातीय राममंदिर हीदा की मोरी जयपुर तक निकाली जायेगी। कार्यक्रम संयोजक गोविन्द नाटाणी ने बताया कि 2 फरवरी को बसंतोत्सव एवं खण्डेलवाल दिवस के लिए गुरूवार को प्रथम पूज्य गणेश जी को निमंत्रण दिया गया।